RAF SECTOR

NEWS CLIP

05/06/19

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Dainik Jagran (Ranchi,JKD)

ईद पर दो हजार पुलिस बल तैनात

पांच जोन में बंटा शहर, हर जोन में एक डीएसपी व मजिस्ट्रेट की तैनाती, कंट्रोल रूम से मॉनिटरिंग

जागरण संवाददाता, रांची : ईद को लेकर रांची पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए हैं। शहर में दो हजार से अधिक पुलिस बलों की तैनाती की गई है। पूरे शहर को पांच जोन में बांटा गया है। प्रत्येक जोन में एक डीएसपी व मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। 142 दंडाधिकारी लगाए गए हैं।

एसएसपी अनीश गुप्ता ने बताया कि शहर के 19 जगहों को चिन्हित कर अतिरिक्त पुलिस बलों की तैनाती की गई है। चिन्हित जगहों पर विशेष नजर रखने का निर्देश दिया गया है। वहीं कंट्रोल रूम से हर पल की स्थिति पर नजर रखने का निर्देश दिया गया है। सुबह छह बजे से ही पुलिसकर्मियों को सतर्क रहने का निर्देश दिया गया है।

फायर ब्रिगेड व एंबुलेंस की भी तैनाती : शहर के हरमू रोड, मेन रोड व डोरंडा में अग्निशमन की फायर ब्रिगेड व एंबुलेंस की व्यवस्था की गई है। ताकि आपात स्थिति में उनका उपयोग किया जा सके। इसके अलावा डोरंडा, लोअर बाजार, बरियातू और रातू थाना क्षेत्र में बाइक दस्ता को भी लगाया गया है। इन जगहों पर चार-चार बाइक दस्ता नजर रखेंगे।

19 जगहों पर विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश, बाइक दस्ते को भी लगाया गया

142 दंडाधिकारियों की भी तैनाती की गई है सुरक्षा के मद्देनजर

06 बजे सुबह से ही पुलिस सड़कों पर करेगी गश्त, हर गड़बड़ी पर रहेगी पैनी नजर

मेन रोड में मंगलवार को फ्लैग मार्च करती पुलिस • जागरण

अतिसंवेदनशील जगहों पर रहेगी नजर

राज्य ब्यूरो, रांची : प्रभारी डीजीपी नीरज सिन्हा ने ईद के दौरान सुरक्षा को लेकर दिशानिर्देश जारी किया है। उन्होंने कहा है कि ईद के दौरान कुर्बानी के लिए बड़ी संख्या में पशुओं को ले जाया जाता है। सुरक्षा की दृष्टि से अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में डीएसपी और इंस्पेक्टर खुद निगरानी रखेंगे और वहां पुलिस बल की तैनाती करेंगे।

हाई अलर्ट पर रांची पुलिस, मॉक ड्रिल कर दिया सख्ती का संदेश

जागरण संवाददाता, रांची : रांची पुलिस हाल के दिनों में हुए सांप्रदायिक झड़प को लेकर हाई अलर्ट पर है। झड़प से निबटने के लिए पुलिस ने मंगलवार को मॉक ड्रिल की। इसमें ईद के दौरान सांप्रदायिक झड़प या दंगा की स्थिति से कैसे निपटें इसका मॉक ड्रिल किया गया। इस दौरान पुलिसकर्मी ही उपद्रवी बने थे, पथराव व आगजनी कर रहे थे। खुद का बचाव कैसे करें इसका अभ्यास किया। मॉक ड्रिल में पुलिस जवानों की तत्परता दिखी। इस दौरान उपद्रवियों पर पुलिस के जवानों ने गैस के गोले दागे, हवाई फायरिंग की, पानी की बौछार के अलावा लाठीचार्ज से लेकर गिरफ्तारी तक की कार्रवाई की गई। पुलिस ने यह संकेत दिया कि पुलिस हर परिस्थिति से निपटने में सक्षम है। मॉक ड्रिल के दौरान जवानों को यह भी बताया गया कि अगर स्थिति बिगड़ती है और उसमें लोग घायल होते हैं तो उन्हें कैसे अस्पताल भेजा जाए।

Hindustan (Ranchi,JKD)

ईद पर सुरक्षा सख्त, पांच जोन में बंटा शहर

तैयारी

रांची | प्रमुख संवाददाता

ईद के मद्देनजर पांच जून को शहर की सुरक्षा सख्त कर दी गई है। पूरे शहर को पांच जोन में बांटा गया है। हर जोन में एक दंडाधिकारी, पुलिस अधिकारी और सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। शहर में कुल 142 दंडाधिकारियों को प्रतिनियुक्त किया गया है। एक जिला नियंत्रण कक्ष भी बनाया गया है। ईदगाहों और हर चौक-चौराहों के पास मजिस्ट्रेट और पुलिस बल तैनात किए गए हैं।

19 इलाकों में गश्ती दल की तैनाती: शहर के 19 इलाकों में पुलिस गश्त होगी। हर दल में मजिस्ट्रेट और पुलिस बल मौजूद रहेंगे। 20 दंडाधिकारियों को सुरक्षित रखा गया है। अग्निशमन, एंबुलेंस व्यवस्था, वायरलेस, यातायात व्यवस्था के लिए अलग-अलग पदाधिकारियों की जिम्मेवारी सुनिश्चित की गई है। सभी ईदगाहों व मस्जिदों के बाहर ईद के एक दिन पूर्व मंगलवार से ही सुरक्षा बलों को तैनात कर दिया गया है। सिटी एसपी और एसडीओ को पूरी सुरक्षा का दायित्व दिया गया है। सभी प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारियों व दंडाधकारियों को प्रातः 6 बजे से संध्या 6 बजे तक उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है। इसके अलावा 16 मोटरसाइकिल दस्ता की तैनाती भी रहेगी, जो डोरंडा, लोअर बाजार, चरियातु व रातू क्षेत्र में भ्रमणशील रहेंगे। हर गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने की जिम्मेवारी रहेगी।

मंगलवार को पुलिस लाइन में मॉक ड्रिल करते जवान।

मुस्तैदी

- सभी ईदगाहों और मस्जिदों के बाहर तैनात रहेगा सुरक्षा बल
- जिला नियंत्रण कक्ष से शहर की गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी

उपद्रवियों से निपटने के लिए जवानों ने किया मॉक ड्रिल

रांची | वरीय संवाददाता

ईद का पर्व अमन और सौहार्द से मने इसके लिए एसएसपी अनीश गुप्ता ने राजधानी के सभी डीएसपी व थानेदारों को मंगलवार रात से ही अपने इलाके में गश्त करने का आदेश दिया है। सिटी एसपी और ग्रामीण एसपी को मॉनिटरिंग करने की जिम्मेवारी मिली है। एसएसपी ने सभी थानेदारों को आदेश दिया है कि उनके इलाके में रहने वाले दागी किस्म के युवकों पर नजर रखें। इसके अलावा हाल में जेल से छूटे अपराधियों की गतिविधियों पर भी नजर रखने का आदेश दिया गया है।

पुलिस लाइन में मॉक ड्रिल: ईद के दौरान सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए मंगलवार को पुलिस लाइन में पुलिस के जवानों ने मॉक ड्रिल किया। जवानों ने वाटर केनन और आंसू गैस की सहायता से उपद्रवियों पर काबू पाया। जवानों ने घायलों को अस्पताल भेजने से लेकर उनकी मदद करने की तैयारी भी मॉक ड्रिल में दिखायी।

सोशल मीडिया पर नजर रखने का निर्देश

ईद पर्व के दौरान सोशल मीडिया पर जिलों के एसपी को नजर रखने का निर्देश दिया गया है। रांची जोनल डीआईजी अमोल वी होमकर ने मंगलवार को रांची, लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा और खूंटी जिले के एसपी के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग की। डीआईजी ने जिलों के एसपी को निर्देश दिया है कि वे फेसबुक और व्हाट्सएप ग्रुप पर खास नजर रखें। व्हाट्सएप ग्रुप में यदि आपत्तिजनक सूचनाएं चलती हैं तो संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई करें।

Photos of Deployment/ Fam-Ex / Adopted Village By RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।